MR. DEPUTY-SPEAKER: We will now take up further discussion on the Resolution by Shri Bibhuti Mishra. Four hours in toto were allotted; we have taken two hours, fifteen minutes and now one hour, forty five minutes are left.

Shri Narsingh Narain Pandey may continue his speech.

**श्री नरसिंह नारायण पांडे** (गोरखपुर) उपाध्यक्ष महोदय, मैं कह रहा था कि प्रधान मंत्री जी ने जो 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम इस देश के सामने रखा है यह कार्यक्रम एक ऐसे समय में रखा गया जिस समय देश के अंदर और देश के बाहर पंजीपरस्त ताकतों और प्रतिक्रियावादी ताकतों का एक गठजोड़ हो रहा था और उस से देश की राजनीति के ऊपर बड़ा प्रभाव पड़ रहा था। देश के अंदर मिलिट्री को भड़काने की और पुलिस को भड़काने की तथा उत्पादन के स्रोतों को कमजोर करने की कोशिश उन शक्तियों द्वारा एक साजिश के अंतर्गत की जा रही थी। ऐसे समय में जिस समय कि हमारे देश में सूखा पड़ा, हमारे देश में करोड़ शरणार्थी बंगला देश से आए हम को लड़ाई का सामना करना पड़ा, ऐसे समय में जब कि हमारी आर्थिक स्थिति के ऊपर बोझ पड़ रहा था, कुछ शक्तियां इस तरह की साजिश कर रही थीं कि यहां पर राजनैतिक स्थिति और अस्तव्यस्तता इस तरह से कायम की जाय कि इस देश की जो आर्थिक स्वतंत्रता है तथा जिन मूल्यों के तहत हम ने इस देश को आजाद किया, जो हम ने कहा था कि हम करोड़ों आदमियों को जो गांवों में रहते हैं, या जो ऐसी जगहों में रहते हैं जिन के हाथ काम के लिए तड़प रहे हैं, उन का काम देंगे और हर ऐसे आदमी की आंखों से जो किसी तरह की विपदा में आज फंसे हुए हैं, उन के आंसू पोंछेंगे, ऐसे समय में जब हम उन के लिए जद्दोजहद पैदा कर रहे थे तो ये शक्तियां देश में अस्थिरता पैदा करने की कोशिश कर रही थीं। ऐसे समय में श्रीमती इंदिरा गांधी ने जो एलान किया और जो आपातकालीन स्थिति की घोषणा भारतीय संविधान के तहत की, उस घोषणा के बाद देश में जो एक असाधारण स्थिति चल रही थी, उस पर काबू पाने की कोशिश की और ऐसे समय में यह 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम का प्रारूप उन्होंने देश के सामने रखा। यह 20 सूत्री आर्थिक कार्यक्रम जो है इस से देश में समाजवाद की कोई ऐसी शक्तियां मजबूत नहीं होंगी जिस को कि हम आने वाले कुछ सालों के अंदर पूरा करना चाहते हैं। लेकिन जो उन गरीबों के दिल और दिमाग में परेशानी है जिस से वह राहत की उम्मीद करते थे वह राहत की सांस वे लेंगे अगर इस कार्यक्रम का सही तरीके से पालन किया जाय।

मैं सब कार्यक्रमों के ऊपर तो विस्तार के साथ नहीं बोल पाऊंगा लेकिन पहला कार्यक्रम जो उत्पादन का और उस के वितरण का है उस के संबंध में मैं आप के समक्ष कुछ अपने सुझाव रखना चाहता हूं। प्रधान मंत्री जी ने जो पहला कार्यक्रम रखा देश के सामने उस में कहा था कि जो अत्यावश्यक चीजें हैं जो समाज को सस्ते दामों पर सुलभ होनी चाहिए, वह उत्पादन की व्यवस्था को बढ़ा कर और वितरण की व्यवस्था को मजबूत बना कर सुलभ की जानी चाहिए जिसमें हर आदमी को जिस को जरूरत है वे चीजें सस्ते दामों पर उपलब्ध हो सकें।

इस सम्बन्ध में मैं आपको कुछ सुझाव देना चाहता हूं। इस देश के किसान जोकि अन्न का उत्पादन करते हैं इस देश की सरकार और माननीय प्रधान मंत्री के साथ जोकि सही तरीके से लोगों को आज सूखे नहीं देखना चाहती है लोगों को काम देना चाहती हैं, लोगों को सस्ते भाव पर गल्ला और दूसरी आवश्यक वस्तुयें मुहैया करना चाहती है, मजबूती से उत्पादन के कार्य में लगे। किसानों ने कपास का उत्पादन किया। आपने देखा जब कपास का उत्पादन हुआ तो किसान परेशान हुए और देश के सामने एक

[श्री नरसिंह नारायण पांडे]

गम्भीर परिस्थिति पैदा हो गई कि कपास की खपत किस तरह से की जाये। सभी सदस्यों ने इस सदन में इस बारे में चर्चा की कि कपास के मूल्य ठीक ढंग से निर्धारित किये जायें लेकिन क्या हुआ ? आप अच्छी तरह से जानते हैं हमारे माननीय सदस्य, श्री सी० डी० देसाई जोकि इस समय यहां पर मौजूद नहीं है, उन्होंने कहा था कि कपास के भाव इतने गिरते जा रहे हैं कि जो लागत मूल्य है उसके नीचे भी भाव जा रहे है। उसी प्रकार से जहां तक अन्य गेहूं की पैदावार का सम्बन्ध है, सूखे और अन्य तमाम परेशानियों के बावजूद हमने तहैया किया कि अपने देश में गल्ला पैदा कर उसका भण्डार बना करके वितरण व्यवस्था को मजबूत करेंगे, सस्ते भाव पर लोगों को गल्ला देंगे और हमने उसका भाव भी निश्चित करने की कोशिश की। हमने राशन की सस्ती दूकानों के द्वारा सुदूर अंचलों में गल्ला पहुंचाने की कोशिश की। हमने अपनी गल्ले की उपज बढ़ाई हमारे यहां 114 लाख टन गल्ला हुआ। अभी कुछ दिन पहले माननीय कृषि मन्त्री जी ने मद्रास में कहा कि हमारे यहां 5–6 परसेंट गल्ले की कमी है। यदि हम लोग अपनी आदतों को कन्ट्रोल करें और हमारे यहां जो गल्ला वेस्ट होता है उसका सचय करें तो इस कमी को हम पूरा कर सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम 60–70 लाख टन अनाज का भण्डार बनायेंगे। उन्होंने कहा हम कोशिश करेंगे कि जो हमारा इम्पोर्ट बिल होता है उसका जहां तक हो सके कम करें ताकि अपने देश का फारेन एक्सचेंज दूसरे देशों को न देना पड़े। उन्होंने यह तमाम बातें कहीं लेकिन आप जानते है अनाज पैदा होने के बाद गेहूं की सपोर्ट प्राइस का क्या हाल हुआ, गेहूं के दाम कितने गिर रहे है ? सरकार ने गेहूं और धान के लिए सपोर्ट प्राइस निश्चित की है लेकिन अगर उसका भाव इतना नीचे जाने लगे तो आप जानते हैं किसानों की क्या स्थिति होगी। वही स्थिति आज सारे देश में किसानों की हो रही है इसी प्रकार पिछले साल हमारे देश में चीनी का उत्पादन ज्यादा हुआ देश में और हमारे प्रदेश में गन्ना उत्पादकों को थोड़ी सी राहत दी गई, उनके गन्ने का भाव साढ़े चौदह रुपए कर दिया गया फी क्वींटल जिसका परिणाम हुआ कि 48–49 लाख टन चीनी की पैदावार हुई। उसी के मुताबिक गुड़ और खण्डसारी की पैदावार भी हुई। इसके फलस्वरूप हमारे देश को चार सौ करोड़ की फोरन एक्सचेंज प्राप्त हुआ। हम विदेशों को एक मिलियन टन चीनी एक्सपोर्ट करना चाहते हैं। हमने दुनिया के चीनी बाजार में घुस करके फोरेन एक्सचेंज कमाया लेकिन किसानों की स्थिति क्या है ? आज भी किसान जो गेहूं पैदा करते है चावल पैदा करते है चीनी पैदा करते है जूट और कपास पैदा करते है उनकी स्थिति की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज किसानों की जो पैदावार है उसके दाम नीचे जा रहे है लेकिन दूसरी तरफ जो इंडस्ट्रियल चीजें किसान की पैदावार में मदद करती है उनके भाव कम नहीं होते है। खाद का भाव जरूर कुछ कम हुआ जिसके लिए मैं सरकार को बधाई देता हूं लेकिन आप जानते है पिछले दिनों किस प्रकार से बिजली के दाम बढ़े, पेट्रोल के दाम बढ़े डीजल आयल के दाम बढ़े सिंचाई की दरें बढ़ी हर प्रकार के इंडस्ट्रियल गुड्स और जो किसान के इनपुट्स है उनके दाम बढ़े और किसान उसकी वजह से कांप गया। किसान अपनी पैदावार से सारे देश को खिलाना चाहता है, वह देश को आत्मनिर्भर करना चाहता है, वह श्रीमती इन्दिरा गांधी के प्रोग्राम को पूरा करना चाहता है, वह चाहता है हमारा देश सुखी और सम्पन्न हो, हमारे देश में ऐसी स्थिति आए जिससे सही तरीके से सस्ते भाव पर लोगों को चीजें पहुंच सकें। लेकिन, श्रीमन्, जो देश की केवल 20 परसेन्ट आबादी है,

[SHRI C. M. STEPHEN in the Chair]

जो शहर में रहने वाले लोग हैं, उन के लिये किसान सब कुछ मुहैया करे, उन के लिये सारे प्रबन्ध किये जायें, लेकिन किसान की जो चीजें हैं, जो इनपुट्स किसान इस्तेमाल करता है उन के अन्दर कोई सुधार न लाया जाय, इस से बड़ी परेशानी पैदा हो रही है।

15.40 hrs.

श्रीमन्, मैं आप से कहना चाहता हूं-हमारे यहा उत्पादन के हर स्रोत बढ़े हैं, सीमेन्ट का उत्पादन बढ़ा, लोहे का उत्पादन, बढ़ा, कपडे का उत्पादन बढ़ा, बहुत सी स्कीमे हम ने हैण्डलूम सैक्टर मे शुरू की, ये सब बातें हुई लेकिन आज भी यह स्थिति है कि जो पैदा करने वाला है, वह जिन इनपुट्स को इस्तेमाल करता है, उस को सस्ता नही किया गया---इस मे एक बड़ी बेबसी का आलम पैदा हो गया है। मैं आज आप के जरिये प्लानिग मिनिस्टर साहब श्री गुजराल साहब से कहना चाहता हूं-वे हमारे देश की जो स्थिति है, इस कृषि प्रधान देश की जो स्थिति है उस को जानते हैं---कम से कम वे कोई ऐसी मूल्य नीति बनायें जिस मूल्य नीति के तैहत किसानो को उचित माल मिल सके, उसको उस की मजदूरी मिल सके, देश को सस्ता गल्ला मिल सके और हम अपने भण्डारो को भर सके।

मुझे एक निवेदन और करना है---कल मुझे हैण्डलूम वालो ने यह कहा कि स्टपल यार्न के दाम बहुत तेजी से बढ़ रहे हैं। फैजाबाद मे एक स्टपल यार्न की फैक्टरी लगाने की बात थी। आप जानते होंगे, श्रीमन, उस फैक्टरी का शिलान्यास भी हो गया था, मशीनें भी आ गई थी, लेकिन अब उस को सूती मिल के रूप मे परिणित किया जा रहा है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं---यदि वे चाहते हैं कि उत्तर प्रदेश में पावरलूम्ज और हैण्डलूम्ज को स्टेपल यार्न मिलें तो आप को उस स्टेपल यार्न मिल को सूती मिल के रूप में परिवर्तित नहीं करना चाहिये, बल्कि उस को मौका देना चाहिये कि वह स्टेपल यार्न बनाये और जो भाव बढ रहे हैं, उस के ऊपर कब्जा कर लेना चाहिये, जिस से हम हथकर्घा और पावर-लूम के कारखानों को ठीक तरीके से रामैटीरियल दे सके। मैं यह बात, श्रीमन, इस लिये कह रहा हूं कि हमारे यहां एग्रीकल्चर के बाद दूसरे नम्बर पर हमारे देश में यही उद्योग आता है---इस लिये इस की तरफ ध्यान देना बहुत जरूरी है।

मैं बहुत शुक्रगुजार हू आप ने मुझे बोलने का मौका दिया।

SHRI P. G. MAVALANKAR (Ahmedabad): Mr. Chairman, Sir, while I appreciate the spirit in which one of our very esteemed and experienced elders, Shri Bibhuti Mishra, has brought forward this Resolution, I must say that I am speaking on it with some serious reservations. Of course, there is nothing in the Resolution as such which can be opposed. In any case, in the discussions on Private Members' Resolutions and Bills, as I have been saying repeatedly, one does not take a political attitude or a party or partisan attitude and then go on injecting into the debate the traditional party alignments and attitudes.

If you look at the spirit of the Resolution, you will see that, what Shri Bibhuti Mishra wants is effective implementation and timely action, so that the laudable objectives set out by the Government, and in this particular context by the hon. Prime Minister, are not wasted or are not allowed to evaporate. After all, any citizen will judge the State not by what it says but by what it does. All of us say many things, particularly at the time of elections, but it is only one of those many parties, that is, the majority party, that has the opportunity and the responsibility to put into practice what it says at the time of elections or in its election manifesto. Therefore, a period is there---4 years in America for a President

[Shri P. G. Mavalankar]

and five years in our country. This five year term is accepted in our Constitution as a complete term and not more than five years. During that period the Government is to deliver the goods to the common people and if the people see that the goods are not delivered, they would have no faith in the sayings of the government because it is judged by the results. That is why I suppose Mishraji's emphasis is on 'implementation'. The focus is not on the importance of the programme. Anybody in his senses will accept that unless India rises from the economic backwardness, injustice and exploitation, we will not be able to achieve even a measurable success in terms of establishing a just, socialist and egalitarian society. Therefore, I appreciate that the emphasis is on 'implementation' and not on 'emancipation' because 'emancipation' is accepted almost universally by the people of this country.

Then the question arises: if implementation is necessary, how does one go about implementing? Mishraji's resolution, if you read, says:

> "Recommends that necessary steps be taken by the Government."

But I am afraid the resolution itself and even Mishraji's speech which I heard with attention last time, does not tell us in so many words as to what are the specific and concrete steps the Government should take. What these necessary steps are should be spelt out, so that there will then be a more meaningful discussion and debate, whether those steps are right or not, or whether they need to be further strengthened by this or that amendment. My further reservation is on the question of remedy, when the Resolution says, may be taken by the government immediately to remove all legal and administrative hurdles. This is a very dangerous thing because if you say that all legal provisions are hurdles and obstacles, in effect it means you say, 'Let us not rule by law, let us rule by what we think is right, because we have power, we have the authority and, therefore, legal things will not come in our way.' If that is how a government starts functioning, then the implementation would be very fast and very quick, but it may not necessarily be very just and very desirable. Therefore, I would request, with great respect, Mishraji to be cautious of this word 'hurdle' to be used for legal hurdles. I can understand administrative hurdles I can understand administrative bottlenecks because we all know what it means to be held up by bureaucratic delays. Decisions are not taken. Files do not move. Red-tapism grows and, therefore, corruption grows and hence people get frustrated and feel helpless and added to it, there is the political corruption and you get involved in the vicious circle. Therefore, administrative hurdles must go. Administrative bottlenecks must go. The bureaucracy must be attuned to the new social purpose for which they are meant to function as civil servants at various levels. Therefore, if the hurdle is administrative inaction or slow action or unwillingness on the part of the administration, I am all for Mishraji's point when he says that these hurdles must go

But when you talk of legal hurdles, I begin to feel suspicious because it would mean that you want to get rid of the principles of Rule of Law and you do not want any legal provision and legal safety against possible misuse and abuse at various stages of implementation.

Then, Sir, one or two more points and I have done. The whole point is that this implementation is so slow not only because of administrative bottlenecks and occasionally some legal difficulties, but because, by and large, we lack the political will to put into practice what we honestly believe we ought to put into practice. To-day, I am speaking on Mahatma Gandhi's martyrdom day and the martyrdom of those who fought for

the independence of India. We started the day by observing silence in the morning.

My own Resolution has been listed to-day. I do not know whether I will get a chance to move it.

Let us remember Gandhiji. Let us remember Gandhiji by putting at least something in practice what he had been sincerely believing in. If we believe that with economic justice, social justice, there can be a just, egalitarian and an ideal society, for which we went to strive, then where is the hurdle? Hurdle is not so much in the bottlenecks in administration, it is not so much in terms of legal administration, but it is in terms of lack of will and lack of earnestness. Sometimes, I feel that no one, at certain levels, including Members of Parliament and the members of the State legislative bodies, is earnest about anything. We say a lot, But when it comes to an action, we are falling short of action. The sincerity of purpose is missing.

To conclude, therefore, I would say that if people are able to see and enjoy the benefits and fruits of the programme, they will feel involved and it is only when people are encouraged to participate enthusiastically at all levels in the programme, I am sure the new Planning Minister will agree with me, that ultimately all planning will succeed. It will be possible only if people participate by way of meaningful involvement. People are ready to go by any Government statement if that Government's statement is followed by Government's honest and sincere action. What we see today is this: promises and more promises, slogans and more slogans, paper work and more paper work—this is the order of the day! Let us get rid of it and at least on this day of 30th January, re-dedicate ourselves to the very relevant and refreshing message of Mahatma Gandhi and begin to implement the same ourselves as individuals and as citizens of this country. We may be so as responsible men of affairs in this country, marching in the direction of creating an economically just and socially egalitarian society in our country.

**श्री चन्द्र भाल मणी तिवारी** (बलरामपुर): सभापति जी, आप ने मुझे समय दिया है, इस के लिए मैं आप का आभारी हूं।

आज हमें इस बात पर गौर करना है कि हमारा जो 20 सूत्री कार्यक्रम है उस में कुछ तरक्की हो रही है या नहीं, जो सोचा गया था उस पर अमल हो रहा है या नहीं, लेकिन मैं निराशा के साथ कहना हूं कि छः महीने बीत गये हैं लेकिन अभी उस पर 5 परसेन्ट भी अमल नहीं हुआ है। इसलिये जो कार्यकाल इस के लिए निश्चित किया गया हो उस में 5 परसेन्ट की तरक्की भी न हो, तो भविष्य में क्या हो सकता है। इस सिलसिले में मैं एक उदाहरण देना चाहता हूं कि जो आर्थिक प्रोग्राम है, उस में खास तौर से यह रखा गया है कि देश की तरक्की के सारे साधन जुटाए जाएं, लेकिन मैं जानता हूं कि साधन जुटाने के नाम पर कुछ ज्यादा खर्च करने की बात हमारी ब्योरोक्रेसी बनाती है, उन के संसाधन के लिए सब खर्च हुआ है लेकिन फील्ड में उस का कोई ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ा है। हां, हमारे जो इम्प्लीमेंटेशन करने वाले लोग हैं उन को जरूर फायदा हुआ है लेकिन उन की संख्या बहुत कम है। तो मैं अपने प्लानिंग कमीशन को, अपने प्लानिंग मिनिस्टर को उस से जागरूक करना चाहता हूं कि वह जो अवव्यवस्था बनाई जा रही है, उस से अपने को बचाएं।

मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस में कुछ क्षेत्रीयता की बात भी आनी चाहिए। कुछ क्षेत्र बहुत डेवलप्ड हैं और कुछ अनडेवलप्ड है और जो एरियाज खास तौर से अनडेवलप्ड हैं, उन की ओर खास तौर से ध्यान देना चाहिए। वहां की समस्याओं को देखें और

[श्री चन्द्र भाल बली तिवारी]

उन के निवारण के लिए क्या रास्ता अपनाया जा सकता है जिस से उन पिछड़े हुए क्षेत्रों का भला हो सके, और समाज और देश का कल्याण हो सके इस को देखें इस मे दो तीन चीजे हैं, जिन पर विशेष ध्यान देना चाहिए जैसे कि कोई एरिया अगर डेवलप्ड नही है, तो इस का कारण क्या हो सकता है। इस का कारण यह हो सकता है कि वहां पर बिजली नही है पानी नही है और इरीगेशन नही है। ये बुनियादी सवाल है। इन बुनियादी सवालो को हल करने के लिए ज्यादा पैसा खर्च करने की जरूरत है लेकिन इस पर ध्यान देना चाहिए। पिछले साल हम ने देखा है कि बिजली और सिंचाई के लिए विशेष पैसे का प्रावधान किया गया था लेकिन आज भी नतीजा कुछ वैसा ही पडा हुआ है कि कागजो मे तो यह है लेकिन उस को करने के लिए कार्यक्रम नही निश्चित किये गये है और अगर कही कार्यक्रम निश्चित भी किये गये है तो उन पर अमल नहीं किया गया है। जो प्रोग्राम आप ने बनाया है उस को कार्यन्वित करने के लिए आप सक्रिय कदम उठाए। मेरा आप से इतना ही निवेदन है।

16 hrs.

**श्री आर० डी० बड़े** (खरगोन) विभूति मिश्र जी ने जो प्रस्ताव रखा है इसका मैं समर्थन करता हू। इस प्रस्ताव को चूकि आपने रखा है इस वास्ते हमे इस पर बोलने का चास मिल गया है। 1962 मे आपने भूमिहीनो को भूमि देने का नारा लगाया था। लेकिन भूमि कहां दनी है यह आपने नही बताया था और आपने उनको भूमि नही दी। मैं मध्य प्रदेश के सवाल को ही आपके सामने रखना चाहता हूं। वहा हजारो साल से जंगल खाली पडे हुए है। वहा पर लोगो से जगल काट कर पैसे ले लिए फिर और जमीन दे दी। लोगों ने ट्रेक्टर बना दिए। आपने सब जला डाले। इससे लोगों को एक करोड का नुकसान हो गया। तलवारें तैयार करके आपने उनको काट डाला, फलसे काट डाली और लोगों को नुकसान हो गया। इसका नतीजा यह हुआ कि 1962 के चुनाव में आप हार गए और जनसंघ जीत गया। हमने आदिवासियों को जमीन जंगलों की देने के लिए कहा। अब बीस सूत्री कार्यक्रम आया है तब आपने लोगों को जमीने देनी शुरू की। आदिवासियों को भी मिलनी शुरु हो गई हैं। कम से कम 36,000 लोगों को आप लाख डेढ लाख हेक्टेयर जमीन देने जा रहे हैं। पहले जहा आपने कहा था कि जंगल की जमीन नही मिलेगी, अब उसी जमीन को आप देने जा रहे हैं। इससे लोगों का फायदा होगा। अब महाजन ने भी जो 20–25 साल तक उसकी जमीन को दबा करके रख छोडा था उससे उस जमीन को ले कर आप उसको दिलवाने जा रहे है। अब आपकी आखें खुली है कि उनको खेती के लिए तथा रहने के लिए जमीन मिलनी चाहिए और मिलनी शुरु हो गई है। अभी पूर्व वक्ता ने कहा कि लीगल हर्डल्ज नही होनी चाहिये। चूकि लीगल हर्डल्ज को निकाल दिया है इस वास्ते भूमिहोनो को, आदिवासियो को भूमि मिलनी शुरु हो गई है।

मध्य प्रदेश मे आदिवासी कमीशन नियुक्त हुआ था। मध्य प्रदेश गवर्नमेंट ने उसको किया था। मै भी उसका एक मेम्बर था। मैंने राज्य का दौरा किया। दौरा करने के बाद मैंने देखा कि वहा आदिवासियों को बंधक मजदूरो की तरह रखा जाता था। अगर किसी ने दो ढाई सौ रुपया ले लिए तो जब तक वह उनको उतार नही देता था तब तक उसको बधक मजदूर के तौर पर काम करना पड़ता था। रायपुर मे परिस्थितियां अलग थी। आगे जाए तो भोपाल मे आपको अलग परिस्थितिया मिलेंगी। वहां आदिवासी अलग है। इधर भील जाती के आदिवासी लोग है। अब तो आपने बंधक मजदूरी को समाप्त कर दिया है। अब उनको कम से कम जमीन भी मिलने वाली है। इन बंधक मजदूरों को गुलामों की तरह से

रखा जाता था। एक महाजन ने एक पत्र अगर उससे लिखवा लिया कि उसने दो सौ रुपये लिए हैं तो वह उसको छोड कर कही दूसरी जगह जा नही सकता है और अगर जाता है तो जिस के पास वह जाता है उसको लिख कर देना पडता है कि वह रुपये देगा। रायपुर के लड़के जबलपुर कर्जा उतारने के लिए साइकल रिक्शा ड्राइवर का जा कर काम करते हैं खरगोन में भीलों की हालत यह है कि एक दफा वे कांट्रेक्ट कर लेते है तो जब तक वह काट्रेक्ट पूरा नही हो जाता है वे दूसरी जगह जा नही सकते हे। इस प्रकार की वहा गुलाम प्रथा है। एक आदिवासी की लडकी किसी जगह काम करती है, जहां वह काम करती है अगर उस की लडकी की शादी हो जाती है, तो आदिवासी को अपनी लडकी को भी उसके साथ भेजना पडता है उनकी सेवा छूट नही सकती है। यह जो बॉडेड मजदूरी चल रही थी, उसमे 20 सूत्री कार्यक्रम से हमारे यहा के लोगों को बहुत फायदा हो रहा है।

हम 20 सूत्री कामों की पहले से मांग करते थे, अब काग्रेस वालो ने इसे शुरू किया है। भूमिहीनो को भूमि देने से और बंधक मजदूरी समाप्त करने से लोगो को फायदा हो रहा है, इस लिये मे इसका समर्थन करता हू।

**श्री नागेश्वर द्विवेदी** (मछली शहर): सभापति महोदय, माननीय श्री विभूति मिश्र ने जो यह प्रस्ताव रखा है, मैं इसका हृदय से समर्थन कर रहा हु। मुख्य बात मिश्र जी के प्रस्ताव मे यह है कि 20 सूत्री कार्यक्रम के लागू करने मे जहा तक केन्द्रीय सरकार का सवाल है, उनमे तो बहुत कुछ काम हो रहा है, लेकिन प्रान्तीय स्तर, जिला स्तर और इलाक स्तर पर इनकी कार्यान्वित ठीक से नही हो रही है। यह कहने के लिये तो है लेकिन उस पर ठीक से अमल नही किया जा रहा है। जब तक इस पर नीचे के स्तर पर अमल नहीं होगा तब तक हम इसका लाभ नही उठा सकते है।

20 सूत्री कार्यक्रम की घोषणा देश में आपात्कालीन स्थिति की घोषणों के तुरन्त बाद की गई। देश में जैसी परिस्थितियां हो गई थीं उससे वातावरण बहुत दूषित हो गया था और सभी में एक तरह से बेचैनी पैदा हो गई थी? स्कूल कालेज ठीक से नही चल पा रह थे, हडतालें हो रही थी? जिन लोगो के चोरी डकैती मे वॉरेन्ट कटे हुए थे, वे लोग कचहरी में पहुंचकर मिजिस्ट्रेट की कुर्सी पर बैठ कर कहते थे कि न्यायधीश हम हैं। विद्यार्थी वाइस चांसलर की कुर्सी पर बैठकर कहते थे कि हम वाइस-चांसलर हैं, और वह आदेश पास करते थे। जो लोग बिना टिकट के चलते थे वे मनमानी तौर पर अपने घर के पास जंजीर खीच लेते थे और गाडी रुक जाती थी। सामान के रहते इनकार कर दिया जाता था कि सामान नही है, मन माने दाम पर बेचा जा रहा था। अराजकता की स्थिति पैदा हो गई थी मालूम होता था कि कोई शासन ही नही चल रहा है। ऐसी परिस्थिति मे जब आपातकालीन स्थिति की घोषणा की गई, उसी के साथ 20 सूत्री कार्यक्रम की भी घोषणा की गई कि हमको क्या करना है। उसी दिशा मे जो प्रयास हुए है, उन से हर क्षेत्र में लाभ हुआ है और बडा व्यापक लाभ हुआ है लेकिन जहा तक उसके नीचे के स्तर पर अमल करने की बात है, कहने के लिये तो नीचे के अधिकारी इस बात को कहते हैं कि हम 20-सूत्री कार्यक्रम को मानेंगे और इस बारे मे बहुत से प्रस्ताव होते है लेकिन सचमुच जितना कहा जाता है, अगर 50 प्रतिशत भी काम पूरा किया जाये तो देश की स्थिति मे बहुत कुछ सुधार हो सकता है।

इस कार्यक्रम के लागू करने में इस बात का पूरा ध्यान रखा गया है कि देश का नीचे का वर्ग जो गरीब है, भूमिहीन है, किसान है, खेतिहर मजदूर है उनको जमीन देने की बात है। धीरे-धीरे परिस्थिति ऐसी होती जा रही है कि

[श्री नागेश्वर द्विवेदी]

जमीन की सीलिंग द्वारा छोटे-छोटे काश्तकारों को खेती के अच्छे साधन मिलने से वे मजदूर को नहीं रखना चाहेंगे। तो जो आदमी मजदूरी पर ही गुजर कर रहा है, जिसके पास पैसा नहीं है कि वह रोजगार कर सके, अपने बच्चों को पढ़ा सके, नौकरी दिलवा सके तो उनके सामने समस्या पैदा हो रही है कि अगर वह जमीन की मजदूरी नहीं पायेगा तो कहां जायेगा। ऐसे आदमी को अगर जमीन दे दी जाती है तो कम-से-कम उसकी आजीविका का साधन हो जाता है। सरकार ने इस दिशा में जो कदम उठाये हैं, उससे बड़ी तेजी से काम हुआ है, जमीन का बटवारा तेजी से हुआ है। कुछ लोगों को कब्जा नहीं मिल पा रहा है लेकिन जो सावधानी बरती जा रही है, उसमें उनको जरूर जमीन मिल जायेगी और वह कब्जा पा लेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे बहुत से लोग थे, जो अपनी जमीन पर नहीं, बल्कि दूसरे की जमीन पर बसे हुए थे। जमीन के मालिक उन को आये-दिन धमकिया दिया करते थे। 20-सूत्री कार्यक्रम में उन लोगों के लिए आवास की व्यवस्था करने की बात कही गई है। उन में से बहुत से लोगों को आवास मिल रहा है। लेकिन इस में एक परेशानी यह हो रही है कि जमीन कम होने के कारण कहीं कहीं आबादी से दूर जमीन दी जा रही है। अकेला आदमी वहां जाना पसंद नहीं करेगा। यदि आबादी में दूर जगह उपलब्ध है, तो उन लोगों को सामूहिक रूप से वहां बसाना चाहिए। अगर एक दो आदमियों को जमीन देनी है, तो उन्हें आबादी के नजदीक ही दी जाये।

यह बड़ी खुशी की बात है कि चीजों के भाव कुछ कम हुए हैं। पहले दाम जिस तरह से बढ़ते जा रहे थे, उस से लोगों में बड़ी बेचैनी पैदा हो गई थी। हम देखते हैं कि किसानों के उत्पादन की चीजों की कीमत तो ज्यादा गिरी है, लेकिन कल-कारखानों में पैदा की गई चीजों की कीमत में ज्यादा गिरावट नहीं आई है। इस दिशा में आवश्यक कदम उठाये जाने चाहिए, जिस से किसानों द्वारा पैदा की गई चीजों और कल-कारखानों में पैदा की गई चीजों भाव संतुलित रह सकें।

किसानों की स्थिति में सुधार के लिए सरकार ने 50 लाख हैक्टर नई जमीन की सिंचाई की व्यवस्था करना तय किया है। यह सब काम प्रान्तीय स्तर पर किया जाता है। पता नहीं, अभी तक नलकूप और नहरें आदि बनाने की दिशा में क्या प्रयास किया गया है। हमें उत्तर प्रदेश का अनुभव है कि जो पुराने नलकूप बने हुए थे वे ज्यादातर खराब हालत में पड़े हुए हैं, उन में सुधार नहीं हो पा रहा है, सिंचाई की सुविधा प्राप्त नहीं हो रही है और नई भूमि की सिंचाई की व्यवस्था करने में दिक्कत आ रही है। मैं चाहूंगा कि सरकार का ध्यान उस तरफ जाये। उत्तर प्रदेश कृषि के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ा हुआ था। वहां खेती पर ही अधिक लोग बसे हुए हैं और खेती का क्षेत्र बहुत बड़ा है। इसलिए वहां की सिंचाई की सुविधा के लिए विशेष प्रयास किया जाना चाहिए।

जहां तक बंधक प्रथा का प्रश्न है, उत्तर प्रदेश में भी गांव-गांव में बहुत से लोगों ने थोड़े पैसे दे कर मजदूरों को फंसा रखा था और वे उन से पुश्त-दर-पुश्त काम लेते थे। सरकार ने इस प्रथा को समाप्त करने के लिए जो कदम उठाया है, उस से उन लोगों का उद्धार हुआ है।

सरकार का यह कदम भी बहुत सराहनीय है।

मैं एप्रेन्टिस योजना के लिए भी सरकार की प्रशंसा करना चाहता हू। आज पढ़े-लिखे लोगो को बेकारी का सामना करना पड रहा है। उन्हे नौकरी के लिए जगह जगह ठोकर खानी पडती है। सरकार ने इस योजना को प्रारम्भ कर के अच्छा किया है। सरकार को इस दिशा मे ठोम कदम उठाने चाहिए, ताकि अधिक से अधिक लोगो को काम मिल जायें। अगर इस समस्या का समाधान हो जाये, तो एक बडी भारी परेशानी दूर होगी। और बहुत से लोगो को जीविका का साधन मिल जायेगा।

इन शब्दो के साथ मै श्री मिश्र के प्रस्ताव का समर्थन करता हू।

**श्री कमला मिश्र "मधुकर"** (केमरिया) सभापति महोदय, मैं श्री विभूति मिश्र को इस बात के लिए धन्यवाद देता हू कि उन्होने अपने प्रस्ताव के द्वारा सरकार का ध्यान इस बात की ओर खीचा है कि 20-सूत्री कार्यक्रम को लागू करने मे बहुत सी कठिनाइया हो रही है। 20-सूत्री कार्यक्रम के बारे मे मेरी पार्टी के विचार बहुत बार व्यक्त किये गये है। मैं समझता हू कि 20-सूत्री कार्यक्रम की घोषणा से देश मे एक नई आशा जगी, उत्साह का प्रादुर्भाव हुआ, नई चेतना जगी और हम लोगो ने समझा कि देश को एक कदम आगे ले जाने मे यह कार्यक्रम कारगर होगा। इसलिए हमारी पार्टी और हम उस का तहे-दिल से समर्थन करते है। लेकिन हम चाहते है कि इस को समुचित रूप से कार्यान्वित किया जाये, जो इस समय नही हो रहा है। मैं बिहार और अपने जिले के उदाहरण से दो तीन मुख्य बातो की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूं। पहले मैं एक पत्र उद्धृत करूंगा जो हमारी पार्टी के बिहार राज्य शाखा के मंत्री श्री जगन्नाथ सरकार ने बिहार के मुख्य मंत्री के नाम भेजा है। उसमें उन्होंने कहा है:

"Reports submitted by the Government to the State-level Implementation Committee have admitted that the pace of implementation, particularly items concerning land reforms, has been tardy. It is incumbent upon all those who stand for the well-being of the people to do everything possible to expedite the pace of implementation."

यह हमारी पार्टी के मंत्री ने बिहार के मुख्य मंत्री के नाम लिखा है और यह सुन कर आप को आश्चर्य होगा क्योंकि केरल का अनुभव नही है आपको, बिहार में यह हो रहा है कि अंचल लेवल पर और पचायत लेवल पर जिन लोगो को कार्यान्वयन समितियो मे लेना चाहिए इस प्रोग्राम को लागू करने के लिए उन की अवहेलना की जा रही है और यह प्रोग्राम जो राष्ट्रीय प्रोग्राम है इस मे पार्टीबाजी की जा रही है। यानी अंचल लेवल पर और ग्राम पचायत लेवल पर कार्यान्वयन समितियो मे जो कायम की जा रही है मुख्य मंत्री का एलान है कि सी० पी० आई० के लोगो को नही लेने चाहिए। मैं समझता हू कि जिन पार्टियो ने 20 सूत्री कार्यक्रम का समर्थन किया है उन को न लेने से यह कार्यक्रम कैसे लागू हो सकेगा? यह प्रोग्राम यद्यपि अच्छा प्रोग्राम है लेकिन नौकरशाही पर अपने इम्प्लीमेंटेशन के लिए निर्भर करता है और आप इस चीज को देखिए, बिहार मे लैण्ड के इम्प्लीमेंटेशन के सवाल को ही लीजिए, बिहार में जमीन का कोई रेकार्ड नही है। सरकार ने एलान किया है कि उस के पास कोई रेकार्ड ही नहीं है। इस के अलावा इस एलान के बाद जो नये नये लोग कांग्रेस में

[श्री कमला मिश्र "मधुकर"]

आ रहे हैं और कुछ पहले के कांग्रेसी भी इसमें बाधा डाल रहे हैं। वस्टेड इन्टेरेस्ट के लोग हैं जो नहीं चाहते कि प्रोग्राम लागू हो। वह चाहते हैं कि यह प्रोग्राम फेल हो जिस से जो असंतोष पहले चल रहा था वह असंतोष फिर से फैले। वे लोग भीतर-घात कर रहे हैं। आप को मालूम होना चाहिए कि बिहार में कांग्रेस के ही टिकट पर जीते हुए श्री दिनेशसिंह हैं, जिन की चार हजार एकड़ जमीन नामी वहां है। यह चीज सरकार की नोटिस में भी आ चुकी है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई है। मैं यह कह रहा हूं कि बिहार में 20 सूत्री कार्यक्रम ठीक तरह से लागू नहीं हो रहा है और उस के लिए बिहार सरकार की जिम्मेदारी है। वह लोग इस कार्यक्रम को लागू करने में फेल हो रहे हैं और इस के लागू नहीं होने का मतलब क्या होगा? बिहार में ही जय प्रकाश नारायण का आन्दोलन शुरू हुआ था यह आप जानते हैं।

बंधुवा मजदूरों का जहां तक सवाल है बिहार के मुख्य मंत्रीने एलान कर दिया कि बिहार में यह व्यवस्था ही नहीं रही है। आश्चर्य होता है इस बात पर। इस बात को हमारे नेताओं ने रेफ्यूट किया है। श्री भोगेन्द्र झा ने खुद लिखा है कि यह बातें बिल्कुल झूठी हैं। उन्होंने चैलेंज किया है कि अपने गांव में और हमारे गांव में चल कर जांच कीजिए कि यह बंधुवा मजदूरों की प्रथा है या नहीं। मैं अपने जिले चम्पारन की बात जानता हूं कि हमारे जिले में यह प्रथा चल रही है या नहीं। बिहार के मधुबनी जिले का एक गांव है कोइलख, राजनगर ब्लाक में जहां के एक भूमिहीन मजदूर ने जब प्रधान मंत्री के 20-सूत्री कार्यक्रम का एलान सुना तो वह खुशी के मारे नाच उठा और उसने अपने जमींदार के यहां जा कर कहा कि हम को पूरा अधिकार मिलना चाहिए और पूरी मजदूरी मिलनी चाहिए। उस का नतीजा यह हुआ कि उसकी वहां पिटाई हुई और उसका घर उजाड़ दिया गया। फिर पंचायत हुई, उन में भी कोई निपटारा नहीं हुआ। थाने वालों ने केस दर्ज नहीं किया क्योंकि बिहार सरकार का एलान है कि बिहार में बंधुवा मजदूर नहीं हैं। मेरा यह कहना है कि ऐसी स्थिति बनी रहेगी तो वहां भयंकर स्थिति पैदा हो सकती है। प्रधान मंत्री के ऐलान के बाद भी अगर यह कार्यक्रम फेल होने जा रहा है तो स्थिति भयंकर होगी।

एक निवेदन मेरा यह है कि देहाती क्षेत्रों में खेतिहर मजदूरों के रहने की व्यवस्था की जाय। मैं दो तीन प्वाइंटस उठा रहा हूं। क्या जमीनों के कुछ टुकड़े देने से उन भूमिहीनों की समस्यायें हल हो जायेंगी। मैं जानता हूं आपने यह प्रशंसनीय काम किया है लेकिन क्या यह काम बिहार और दूसरे राज्यों में हो सकता है? यदि हो सकता है तो फिर वहां पर वह क्यों नहीं हो रहा है—इस बात पर आपको ध्यान देना चाहिए। प्रधान मंत्री जी का यह ऐलान है कि बीस लाख हेक्टर में सिंचाई की नई सुविधायें बढ़ाई जायेंगी लेकिन बिहार में क्या हो रहा है? वहां पर गण्डक प्रोजेक्ट और कोसी प्रोजेक्ट की योजनायें हैं लेकिन उनका कार्यान्वयन बहुत धीमी गति से हो रहा है। वहां पर इतना करप्शन है जिसके चलते गण्डक प्रोजेक्ट जो 56 करोड़ का था उस पर 120 करोड़ खर्चा होने के बाद भी यह मालूम नहीं कि वह कब तक पूरा होगा। वहां पर जो पानी का जमाव होता है उसकी निकासी की योजना को भी लागू नहीं किया जा रहा है। जिन इलाकों में गण्डक का पानी नहीं जायेगा वहां पर

छोटे छोटे ट्यूबवेल लगा कर सिंचाई की व्यवस्था होनी चाहिए लेकिन इस काम में कोई तेजी नहीं लायी जा रही है। बीस-सूत्री कार्यक्रम में बिजली का विकास भी शामिल है। सौभाग्य से बिजली मंत्री यहां पर बैठे हैं उनको मालूम है बिहार में, खासकर उत्तर बिहार में बिजली के विकास के सम्बन्ध में क्या कदम उठाए गए हैं। प्लानिंग कमीशन ने बिहार बिजली बोर्ड को सुझाव दिए हैं, मुझे पता नहीं बिहार सरकार ने उस पर क्या रेस्पांस दिया है और कौन से सुधार किए गए हैं। जिस प्रकार से यहां केन्द्र ने रेलवे बोर्ड की शिकायत होती है उससे गई गुजरी स्थिति बिहार बिजली बोर्ड की है लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हो रही है हालांकि बिजली विभाग भी मुख्य मंत्री के हाथ में ही है। तो बीस सूत्री कार्यक्रम ने जो आशायें जगाई हैं उसकी हम तारीफ कर सकते हैं लेकिन इसमें सबसे बड़ी बात यह है कि इसका इम्प्लीमेंटेशन कैसे होगा। आज नौकरशाही का जो बोल बाला है उसको समाप्त होना चाहिए। मेरा सुझाव है कि पंचायत लेविल से लेकर ऊंची सतह तक हर लेविल पर कमेटीज बनाई जाये और उसमें उन लोगों को सम्मिलित किया जाये जिनको कि इस पर दिल से विश्वास है। इस प्रकार जो कमेटियां बनाई जाये उनके जरिए से समय समय पर इसके इम्प्लीमेंटेशन को रेव्यू किया जाये, मूल्यांकन किया जाये कि कार्यक्रम पूरे हुए या नहीं।

आज अफसरशाही की जो हालत है, मेरे जिले में ही एक शिक्षक महोदय, जो कि हेडमास्टर हैं उनकी घटना मैंने आपको सुनाई थी कि उन्होंने बीस-सूत्री कार्यक्रम का प्रचार किया तो उनको डी आई आर में बन्द करने की योजना बना दी गई क्योंकि कलक्टर साहब उनसे नाराज थे। मैं खुले आम कहना चाहता हूं कि नौकरशाही के बल पर यह कार्यक्रम पूरा होने वाला नहीं है, इसमें जनता का सहयोग बहुत जरूरी है।

इसके साथ ही मेरा एक सुझाव यह भी है कि जो अधिकारीगण इस कार्यक्रम के प्रति विश्वासघात करना चाहते हैं उन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। मैं जानता हूं आंचलिक अधिकारी जमींदारों से घूस लेते हैं जिसका नतीजा यह होता है कि उनकी जमीनें नहीं निकलती हैं। मैं तो यहां तक कहता हूं कि किसी भी पार्टी के आदमी हों, वह पहले अपनी जमीनें निकालने के लिए आगे आयें। यदि मंत्री लोगों से इसकी शुरुआत हो तो अच्छा रहेगा। इसके साथ साथ इसके लिए एक पावरफुल मास मूवमेन्ट, विशाल जनता का आन्दोलन शुरू होना चाहिए जिससे जनता यह समझे कि एक अभियान शुरू हुआ है। इस तरह से इसको लागू करने के लिए जनता में एक चेतना जगानी होगी।

जैसा कि श्री नरसिंह नारायण पांडे जी ने अभी यहां पर कहा था कि किसानों के उत्पादन की कीमतें गिर रही हैं लेकिन जो किसानों के इनपुट्स हैं उनकी कीमतें बढ़ रही हैं जिससे किसानों में असंतोष की भावना पैदा हो रही है। इसके लिए सरकार को देखना चाहिए कि जो किसानों की जरूरत की चीजें हैं जैसे खाद, बीज, बिजली, पानी, कर्ज और दूसरे इनपुट्स ट्रैक्टर, दवायें वगैरह उनके भाव भी घटने चाहिए ताकि किसान की पैदावार और इन चीजों के भावों में बेलेंस रहे। ताकि किसानों को जो चीज वे पैदा करें उस का उचित मूल्य मिले और उपभोक्ताओं को भी यह विश्वास हो कि उन को भी चीजें ठीक दामों पर मिलेंगी। यदि इन बातों का ध्यान रखा जायगा तो यह बीस-सूत्री कार्यक्रम सफल होगा, इस के प्रति केन्द्रीय सरकार

[श्री कमला मिश्र 'मधुकर']

की जिम्मेवारी है, क्योंकि यह प्रधान मंत्री जी का ऐलान है। केन्द्र यदि यह समझे कि राज्य सरकारें करेंगी तो काम नही होगा। मेरी आप से अपील है कि केन्द्रीय सरकार इस बात की जांच करे कि किस राज्य मे इम्प्लीमेन्टेशन नही हो रहा है। जहां इम्प्लीमेन्टेशन नहीं हो रहा है, वहां देखा जाय कि किन कारणो से नही हो रहा है तथा उन कारणों को दूर करने का प्रयास किया जाय।

**श्री बी० आर० शुक्ल** (बहराइच) सभापति जी, बीस सूत्री कार्यक्रम के ऐलान से देश मे एक नई जाग्रति, नई उमग और नई आशायें जन-जीवन मे पैदा हुई है। हमारे सम्मानित सदस्य श्री मिश्र जी ने, जो कि एक असलियतपसन्द गाधीवादी हैं, ग्रामीण जनता की समस्यायो से भलीभाति परिचित है, उन्होने इस प्रस्ताव को रख कर इस सदन को जो चर्चा का अवसर दिया, उस के लिए हम सब लोग उन के बहुत आभारी है। इस समय तो वातावरण ऐसा हो गया है—जैसे हमारे हिन्दू समाज मे किसी पूजा का शुभारम्भ तब तक नही होता है, जब तक श्रीगणेशाय नम न किया जाय। इस लिए बीस सूत्री कार्यक्रम का जहा तक सम्बन्ध है चाहे व्यापारी वर्ग हो, चाहे जमाखोर हो, चाहे तस्कर समाज हो, सब इस का स्वागत करते है। अब देखना यह है कि इस को किस तरह से कार्यान्वित किया जा रहा है। मैं निराशावादियो मे से नही हू, लेकिन साथ ही साथ उन आशावादियो मे भी नही हू जो यह समझे कि सब कुछ इस प्रोग्राम के ऐलान से ही हो जायगा। सब से बडी देश की समस्या जो देहातो से सम्बन्धित है, वह यह है कि खेतों को ज्यादा से ज्यादा पानी मिलने की सुविधा हो। मुझे खेद के साथ कहना पडता है कि पिछडे क्षेत्रो मे सिंचाई की व्यवस्था बिलकुल नगण्यप्राय है, इस दिशा में बहुत कम काम हुआ है। अब भी यहां पर इस ओर ध्यान दिलाया जाता है तो केन्द्र सरकार राज्य सरकारों पर छोड़ देती है। राज्य सरकारें कहती है कि केन्द्र सरकार हम को रुपया नहीं देती है—इस दोअमली हुकूमत की वजह से काम नही हो पा रहा है। जो पिछडे क्षेत्र हैं, खास तौर से वह ज़िला जिस का मैं प्रतिनिधित्व करता हू—बहराइच जिला—जो नेपाल की सीमा पर है, वहा सिंचाई का कोई साधन नही है। इस देश मे इस बात का लक्ष्य होना चाहिए कि अन्न केवल पेट पालने के लिए ही पैदा नही करना है, बल्कि इस धरती से अन्न पैदा कर के हम बाहर भी भेज सके, हमारे अन्य देश है, जहा अन्न नही होता है, अन्य देश है जहा हम इस को भेज सकते हैं। हमारे यहा खेती का धन्धा इस प्रकार से किया जाना चाहिए जिस से उत्पादन का निर्यात हो सके।

दूसरी बात—हमारे यहा जगलो मे जो भूमि होती है जिस को टागिया फारेस्ट कहते है वहा लोगो को पौदे लगाने के लिए और खेती के लिए जमीन दी जाती है। लेकिन वहा के अधिकारी रिश्वत लेकर उस जमीन को धनी मानी लोगो को दे देते है और भूमिहीनो का वह जमीन नही दी जाती है। इस तरफ आप को शीघ्र ध्यान देना चाहिए।

तीसरी चीज—यह कहा गया है कि ग्रामीण बैंक काफी काम कर रहे है उन को और ज्यादा खोलने की व्यवस्था हो रही है। मैं अभी हाल मे चण्डीगढ सेशन में गया था वहा एक स्कूटरवाले से मैने पूछा कि क्या तुम स्कूटर के मालिक हो या किराये पर चलाते हो। उस ने कहा किराये पर चलाता हू आधे से ज्यादा मजदूरी मालिक ले लेता है। मैंने कहा तुम बैंक से कर्जा

